हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 सितंबर 2025

04 चर्चित हनीट्रैप मामले में एक और आरोपी को पुलिस...



07 अब वापस मायूस होकर लौट जाती हैं यहां से ...





## खबर संक्षेप

### 145वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 सितम्बर को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में एवं आयुर्वेद दिवस समारोह (लोगो और धरती के लिए आयुर्वेद ) विषय के अंतर्गत 145 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 सितम्बर दिन बुधवार समय 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड , बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 23 सितम्बर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### आदित्य गौतम ने राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज में हिस्सा लिया



**सागर।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 के दसवीं कक्षा के छात्र आदित्य गौतम ने राष्ट्रीय स्तर की 54वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में शतरंज खेल में हिस्सा लिया। केंद्रीय विद्यालय ओ एन.जी.सी. चाँदखेड़ा, अहमदाबाद, गुजरात में 15 से 19 सितम्बर तक आयोजित 54वीं राष्ट्रीय केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के अंतर्गत अंडर-17 बालक वर्ग में आदित्य गौतम ने जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। सागर के पी.एम.श्री. केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में इनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ था। वहाँ पर इन्हें मैडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। आदित्य गौतम भाषाविज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ अरविन्द कुमार गौतम के पुत्र हैं।

### आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सागर।** आयुक्त संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर संदीप जी आर सागर एवं जिला आयुष अधिकारी सागर के निर्देश अनुसार सेवा पखवाड़ा, स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान एवं दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दुर्गा नगर रजाखेड़ी आंगनवाड़ी में विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी को सशक्त बनाना एवं आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचना रहा, कार्यक्रम के दौरान पोषण आहार प्रदर्शन में विभिन्न पकवान एवं मोटे अनाज प्रदर्शित किए गए ताकि सभी लोग इन मोटे अनाजों एवं विविध व्यंजनों का उपयोग कर स्वस्थ एवं सुपोषित बन सके कार्यक्रम में बच्चों का स्वर्ण प्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### केसली में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम

**सागर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक देवरी की उपस्थिति में रक्त दान, एक वृक्ष मां के नाम, नारी शक्ति का सम्मान, प्रसव पूर्व प्रसुता महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष, स्वास्थ्य सेवा के लिए एकल खिड़की का शुभारंभ, आम जन को निःशुल्क जांच उपचार आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, महिला बाल विकास, सिंचाई विभाग, उद्यानिकी विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की सहभागिता रही।

**जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र छात्राओं सहित 2000 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल**

# स्वास्थ्य, संकल्प, संस्कृति, शांति, ताकत के संकल्प के साथ नशा से दूर रहे, मैराथन दौड़ आने वाली पीढ़ी के लिए संकल्प : मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वास्थ्य, संकल्प, संस्कृति, शांति, ताकत के संकल्प के साथ नशा से दूर रहे एवं मैराथन दौड़ आने वाली पीढ़ी के लिए एक संकल्प है। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन की ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित नमो मैराथन दौड़ के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के आह्वान पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन दौड़ कार्यक्रम में पंचायत ग्रामीण एवं विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह मैराथन केवल दौड़ नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ रहने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मैराथन एक लंबी दौड़ नहीं जिसमें 100 मी से 1000 मीटर तक आदमी दौड़ता है यह दौड़ नशे के विरुद्ध है और आज हमें सभी को संकल्प लेना है कि हम कभी भी नशा नहीं करेंगे और अपने साथ वालों से भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश नंबर वन पर तब पहुंचेगा



जब हम नशे के लिए तिलांजलि देंगे।

इस अवसर पर श्याम तिवारी ने कहा कि भारत में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और हम सभी युवा आज संकल्प लें कि हम प्रतिदिन 24 घंटे में से एक घंटा अपने स्वास्थ्य एवं अपने देश के लिए देंगे और नशे के खिलाफ एक अभियान शुरू करेंगे उन्होंने कहा कि हम सभी नशे से दूर रहे और स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत बनाने में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संकल्प को पूरा करें।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नमो मैराथन का आयोजन सिटी स्टेडियम से प्रारम्भ होकर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः सिटी स्टेडियम में संपन्न हुई। मैराथन में समस्त जनप्रतिनिधि, स्कूलों कॉलेजों के छात्र छात्राएँ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खिलाड़ी, पुलिस विभाग, एनसीसी केडेट, एनएसएस केडेट और स्थानीय नागरिकों द्वारा इस नमो मैराथन में सहभागिता की।

इस अवसर पर संध्या भार्गव, मेघा मिश्रा, सर्वजीत सिंह, जगन्नाथ गोरिया, विनय मिश्रा, श्याम नेमा, लक्ष्मण सिंह, शैलेंद्र ठाकुर, रुपेश यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला खेल अधिकारी संजय दादर, नगर निगम उपायुक्त एस एस बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं युवा प्रतिभागी मौजूद थे।

### मंत्री ने प्रतिभागियों की संख्या देख मंच से ही ली फोटो

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित नमो मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों की अत्यधिक संख्या देखकर पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अपने आप को नहीं रोक पाए और उन्होंने कैमरा लेकर सभी प्रतिभागियों की मंच से फोटो ली कहा कि कम समय में और इतनी जल्दी जितनी बड़ी संख्या में हमारे बच्चे नमो मैराथन में शामिल हुए यह बड़ी खुशी की बात है।

## मां के दरबार में पूरी हेती है हर मनौती, दूर दूर तक फैली है मां हरसिद्धि की ख्याति



**गढ़ाकोटा।** सागर जिले की रहली तहसील के रानगिर के जंगल की सुरम्य वादियो में देहार नदी के तट पर मां हरसिद्धि देवी (रानगिर माता) का शक्ति पीठ स्थित है। रानगिर पीठ बुंदेलखंड क्षेत्र का देवी आराधना एवं शक्ति साधना का अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध केंद्र है। रानिगर माता की पूजा अर्चना एवं दर्शन से भक्तो का मनोरथ सिद्ध होता है ऐसी मान्यता है और इसी के कारण श्रद्धालु माता को हरसिद्धि माता के नाम से पुकारते है। हरसिद्धि माता के दरबार में वैसे तो पूरे वर्षभर मेले जैसा माहौल रहता है पर शारदेय एवं चैत्र नवरात्रि पर विशेष मेले का आयोजन किया जाता है जिसमे दूर दूर से भक्तजन पहुँचते है। कई परिवारो में हरसिद्धि माता की कुलदेवी के रूप में पूजा होती है। हरसिद्धि माता के बारे में मान्यता है कि वो दिन में तीन अलग अलग रूपो में भक्तो को दर्शन देती है। प्रातः काल में माता सौम्य कन्या के रूप में, दोपहर वाद युवा शक्ति के स्वरूप में और सायं काल में बृद्ध माता के रूप में दर्शन देती है। हरसिद्धि माता की स्थापना को लेकर अनेको प्रकार की किवदंतियां प्रचलित है। देहार नदी के एक तट पर हरसिद्धि माता का मंदिर है तो नदी के दूसरे तट पर घने जंगल के बीच बूढी रानगिर माता का पवित्र स्थान है यहाँ पहुँचने के लिए चढ़ाई चल कर पैदल जाना पड़ता है।यह स्थान माता का प्राचीन एवं उदगम स्थल बताया जाता है। हरसिद्धि माता के दर्शनों के लिए रानगिर पहुँचने के लिए संभागीय मुख्यालय सागर से दो मार्ग है पहला मार्ग सागर-रहली मार्ग से 32 कि.मी.से एवं दूसरा मार्ग फोरलेन मार्ग पर गौरझामर के पास से है।



## समोशरण विधान के कार्यालय का विधायक शैलेंद्र ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से भाग्योदय के आगे जैन तीर्थ क्षेत्र विद्योदय में मुनि श्री विमल सागर महाराज और मुनि श्री अनंत सागर महाराज के आशीर्वाद से 720 समोशरण विधान का आयोजन 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक हो रहा है आज विधान के मुख्य कार्यालय का उद्घाटन सागर नगर के विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के द्वारा देवेंद्र जैना स्टील, मुकेश जैन ढाना, संतोष बिलहरा, वीरेंद्र माल्थोन, दिनेश बिलहरा, आनंद स्टील आदि की उपस्थिति में विधि विधान और मंत्रोचार के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, डीएसपी ट्रैफिक मयंक चौहान, टीआई मोतीनगर जसवंत सिंह सहित नगर निगम का अमला भी उपस्थित था विधायक जैन ने इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों को यातायात व्यवस्था बनाने में रोड पर खड़े वाहनों को तत्काल अलग करने और 10 दिन तक लगातार ट्रैफिक पुलिस और अन्य पुलिस बल विधान के समय और रात्रि कालीन के समय लगने के निर्देश दिए ।

इसके अलावा नगर निगम को चुना डालने साफ सफाई रखना मोबाइल टॉयलेट आदि खड़े करने के संदर्भ में निर्देशित किया । बैठक में महेश बिलहरा, सुरेंद्र जैन माल्थोन, रितेश मड़ावरा, सुदीप जैन, सोनू आईटीआई, सोनू जेरा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि भारत के इतिहास में पहली बार 720 समोशरण में एक साथ 720 श्री जी की प्रतिमाओं का अभिषेक शांति धारा आदि होगी जो ना तो पहले कभी हुआ है इस कार्यक्रम को गिनीज वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड में दर्ज करने का जैन समाज का प्रयास है।

## कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला कांग्रेस कमेटी सागर शहर द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत 15 सितंबर सें 15 अक्टूबर तक सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

हस्ताक्षर अभियान में आज जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी महेश जाटव के नेतृत्व में जय स्तम्भ पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर आज का हस्ताक्षर अभियान जय स्तम्भ सें विजय टाकीज चौराहे तक किया गया। जहाँ हरेक वर्ग के लोगो नें राहुल गाँधी को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किये। हस्ताक्षर अभियान के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया देश में लोकतान्त्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है प्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में यह हस्ताक्षर अभियान ब्लॉक, मंडल, सेक्टर और बूथ लेवल तक किया जा रहा है। आज इस अभियान के लिए पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे, चक्रेश सिंघई, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, राकेश राय, प्रदेश प्रवक्ता संदीप सबलोक, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, वसीम खान, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, चमन अंसारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, जितेन्द्र चौधरी, विजय साहू, राजा सैन, एड.जगदेव ठाकुर, अलीम रज्जू खान, नीरज चौरसिया, वीरेंद्र राजे, नीलेश अहिरवार, जाहिद ठेकेदार, शैलेन्द्र तोमर, कुंदन विश्वकर्मा, रेखा सोनी, रेखा अहिरवार, अरविंद ठाकुर, सुनील ठाकुर, अजय राजपूत, श्री दास रैकवार, साजिद राइन, कल्लू पटेल, अन्नू घोषी,दीनदयाल तिवारी, वीरू चौधरी, अरुण साहू चकिया आदि शामिल हुए।



### पंचायत मंत्री ने योगाचार्य आर्य को पुस्तक भेंट की

**सागर।** पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज सागर प्रवास के दौरान वरिष्ठ योगाचार्य विष्णु आर्य के निवास पर आत्मीय भेंट की । इस मौके पर पंचायत मंत्री पटेल ने अपनी नर्मदा परिक्रमा पर केंद्रित पुस्तक परिक्रमा कृपासार योगाचार्य आर्य को भेंट कर आशीर्वाद लिया । इस पुस्तक का विमोचन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों किया था। इस मौके पर योगाचार्य विष्णु आर्य ने योग से जुड़ी पुस्तक पंचायत मंत्री को भेंट की और स्वस्थ्य रहने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सर्वजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, सोमेंश जड़यिा आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा जमुनियां में सामाजिक कुरितियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम

**सागर।** सेवा पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय द्वारा चिन्हित गोद ग्राम जमुनियां में सामाजिक कुरितियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा जैन की अध्यक्षता में डॉ. साधना अवस्थी द्वारा सामाजिक कुरितियों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया गया एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाली मानसिक क्षति के बारे में संदेश प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता से रहने का संदेश दिया गया एवं महाविद्यालय के छात्र अजय पाण्डेय द्वारा रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, केसली में स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## देवरी में बहुउद्देशीय प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रसेना का निरीक्षण, समिति प्रबंधक को दिया नोटिस

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुभाग देवरी के बहुउद्देशीय प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रसेना का औचक निरीक्षण कृषि विभाग क कमल खरते , खाद्य विभाग की सहायक आपूर्ति अधिकारी चारु जैन और नायब तहसीलदार चंद्रभान दिवान के द्वारा संयुक्त दल के साथ किया गया, जिसमें सर्वप्रथम समिति विक्रेता अभिषेक ढ़िमोले द्वारा संचालित समिति का निरीक्षण किया गया जिसमें आवंटित स्टॉक से अधिक मात्रा में खाद्य सामग्री पाई गई एवं उर्वरक स्टॉक का निरीक्षण करने पर पाया गया कि प्राप्त आवंटित यूरिया में 180 बैग यूरिया कम पाया गया। समिति प्रबंधक अभिषेक राजपूत से पूछने पर बताया गया कि यह 180 बैग यूरिया अनिल मिश्रा निवासी देवरी के घर पर रखा गया है । इस संबंध में समिति प्रबंधक को नोटिस दिया गया है एवं उर्वरक की इतनी किल्लत के बावजूद स्टॉक को वितरण ना करने का जवाब मांगा गया है। कृषि विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है।




### प्राकृतिक कृषि क्लस्टरों की कृषि सखियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत सागर जिले के देवरी, केसली, रेहली, जैसीनगर एवं राहतगढ़ विकासखंडो के चयनित प्राकृतिक कृषि क्लस्टरो की 26 कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में एवं उपसंचालक कृषि व परियोजना संचालक, आत्मा के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी, सागर द्वारा संतति उद्यान, भोपाल रोड 19 से 23 सितंबर तक किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि सखियों को प्राकृतिक कृषि की विभिन्न तकनीक के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह अपने क्षेत्र में जाकर अन्य चयनित कृषकों को प्राकृतिक खेती सीखकर उनके खेतों में आयोजित करा सकें । प्रशिक्षण के प्रथम दिवस एम के प्रजापति, परियोजना संचालक आत्मा ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के उद्देश्यों तथा क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला, पी एस बडोले, उपसंचालक उद्यानिकी सागर ने उद्यान की फसलों में जैविक मल्चिंग, प्राकृतिक कृषि में फलदार वृक्षों को लगाकर अतिरिक्त आय तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी एवं कृषि विज्ञान केंद्र सागर-।।, देवरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी ने उपस्थित कृषि सखियों एवं कृषको को प्राकृतिक कृषि की विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराया । उन्होंने मृदा परीक्षण के आधार पर भूमि में पोषक तत्वों के समावेश हेतु जैविक एवं प्राकृतिक खाद के बारे में बताया साथ ही पोषक तत्वों के पौधों की वृद्धि और उपज में क्या महत्व है पर प्रकाश डाला । द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर सुखलाल वासकेल द्वारा जीवामृत एवं घन जीवामृत निर्माण और उसके उपयोग की जानकारी दी । डॉ आशीष त्रिपाठी ने कीट नियंत्रण की प्राकृतिक विधियो को विस्तार से समझाया । कार्यक्रम के दौरान शैलेश पांडे, लोकेंद्र जाटव, दिनेश अहिरवार, मनीष द्विवेदी, सत्यम कुर्मी, कमलेश कुर्मी, कल्पना जैन, कु नीलगिरी जैन, रामकुमार यादव ने विभागीय योजनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक कृषि के बारे में विचार रखें।

**पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी का अंतिम संस्कार संपन्न**

# कांग्रेस परिवार ने कांग्रेस कार्यालय के समक्ष गॉड ऑफ ऑनर देकर अपने नेता को अंतिम विदाई दी

### अम्बेडकर मूर्ति के समक्ष क्षेत्रवासियो नें नम आँखों सें श्रद्धांजलि दी

### मुक्तिधाम में प्रशासन की ओर पुष्पचक्र अर्पित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व सांसद, विधायक नन्दलाल चौधरी का कल दुःखद निधन हो गया, आज उनकी अंतिम यात्रा निज निवास अमरदास कॉलोनी, ग्राम भैसा सें आरम्भ होकर, भगवान गंज पहुंची जहाँ अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष आसपास के वार्ड के निवासियों नें अंतिम दर्शन किये। तत्पश्चात अंतिम यात्रा गौरमूर्ति स्थित कांग्रेस कार्यालय के समक्ष पहुंची जहाँ जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय महेश जाटव एवं भूपेंद्र सिंह मुहासा के नेतृत्व में कांग्रेस ध्वज उनके शरीर पर अर्पित किया गया। सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे नें सेवादल के साथियो के साथ गॉड ऑफ़ ऑनर दिया, नन्दलाल चौधरी अमर रहे के नारे लगाए गए।

अंतिम यात्रा नरयावली नाका मुक्तिधाम



पहुंची जहाँ जिला प्रशासन की ओर सें पुष्प चक्र अर्पित क़र पूर्व सांसद को श्रद्धांजली अर्पित की गईं। अंतिम संस्कार में मुखअग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र राकेश चौधरी नें दी। मुक्तिधाम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिगार नें फ़ोन पर उनके पुत्र को सांत्वना प्रकट की। मुक्ति धाम में श्रद्धांजली सभा आयोजित की गई जिसमे जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा नें कहा कि नंदलाल चौधरी नें एक सामान्य परिवार से निकलकर समाज सेवा के क्षेत्र में अपना नाम पूरी ईमानदारी से स्थापित किया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव नें कहा भगवानगंज में डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना उनके प्रयासों से की गईं. अनुसूचित जाति वर्ग और पिछले क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बढ़ने के लिए प्रौढ़ शिक्षा के लिए कार्य किया।पूर्व सांसद डॉ आनंद अहिरवार नें कहा कि मैंने अपने जीवन में राजनीति का पाठ बाबूजी सें सीखा। पूर्व विधायक सुनील जैन नें कहा कि सरल सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे मृदुभाषी स्वभाव उनके व्यक्तित्व की शान था।जिला कांग्रेस के प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी नें कहा कि उनकी सौम्यता और सरलता के लोग हमेशा याद रखेंगे। मेरे पितामह स्व. पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी के वे राजनैतिक शिष्य रहे है। जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ अंकलेश्वर दुबे नें कहा कि नन्दलाल जी जिलाधिवक्ता संघ सें आजीवन जुड़े रहे।

इस अवसर पर पं त्रिलोकी नाथ कटारे, प्रदीप गुप्ता, अवधेश तोमर, शैलेंद्र तोमर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल चौबे, शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, राकेश राय, गुरजीत सिंह अहलुवालिया, नीरज, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, दीनदयाल तिवारी, विजय साहू, राजा सेन, आईटी सेल के अध्यक्ष नीलेश अहिरवार, सागर साहू, एडवोकेट जितेंद्र राठौर, चमन अंसारी सुरेश पिंजवानी, धर्मेंद्र चौधरी नैतिक चौधरी देवेंद्र महावते, संजय रोहिदास, पप्पू फुसकेले, आनंद हेला, आनंद तोमर, अनिल अहिरवार, वीरेंद्र राजे, चक्रेश रोहित, अमर चौधरी, विनीत ताले बाले, मुकेश रोहित, नाथूराम चौधरी, मानसिंह चौधरी, इन्दर लाल माते, प्रहलाद लारिया, राजकुमार चौधरी साहित सेकड़ो लोग स्व. नन्दलाल चौधरी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी, मुख्य आरोपी युवती को भेजा जेल

# चर्चित हनीट्रैप मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने दबोचा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के चर्चित हनी ट्रैप मामले में पुलिस को शीघ्र ही एक और सफलता मिल गई। पुलिस ने उक्त मामले में फरार दो आरोपियो में से एक आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की है। जबकि दूसरे आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिये जाने का दावा किया है। उक्त मामले की मुख्य आरोपी युवती को पहले ही न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

कोतवाली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हनीट्रैप मामले में फरार दो आरोपियों में से एक आरोपी इरफ़ान खान को रविवार को को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले शनिवार को मुख्य आरोपी मुस्कान को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया था। जहाँ न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। उक्त मामले में तीसरा आरोपी जुबेर खान अभी फरार है। उल्लेखनीय है कि उक्त हनीट्रैप मामले की शिकायत मऊरानीपुर झांसी निवासी चरन सिंह पटेल ने कोतवाली टीकमगढ़ में दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि एक साल पहले मऊरानीपुर मेले में आरोपी युवती मुस्कान से उनका परिचय हुआ था। शुक्रवार को मुस्कान ने उन्हें टीकमगढ़ बुलाया। यहां मुस्कान के साथ इरफान और जुबेर खान भी मौजूद थे। तीनों ने मिलकर फर्जी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़ित से 6 लाख रुपए की मांग की। रुपए न देने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर 20 हजार रुपए छीन लिए। उक्त मामले की शिकायत होने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। एसडीओपी राहुल कटरे के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई की। और हनीट्रैप मामले की मुख्य आरोपी युवती समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कर लिया गया जबकि तीसरा फरार आरोपी जुबेर खान को पकड़ने के लिये पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि हनीट्रैप मामले में फरार तीसरा आरोपी जुबेर खान भी शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# आरक्षक कृष्णकांत बने हार्टफुलनेस ध्यान के प्रमाणिक प्रशिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

तनावमुक्त जीवन की ओर बढ़ते कदम के रुप में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 20 सितम्बर को आरक्षक कृष्णकांत द्विवेदी को हार्टफुलनेस ध्यान का प्रमाणिक प्रशिक्षक का प्रमाण पत्र सौंपकर उन्हें कर सम्मानित किया है। अब आरक्षक कृष्णकांत द्विवेदी हार्टफुलनेस ध्यान के प्रमाणिक प्रशिक्षक बन गये है। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पुलिस एवं अंतरराष्ट्रीय संस्था हार्टफुलनेस के मध्य हुए ऐतिहासिक एमओयू के अंतर्गत संभव हुई है। इस पहल के तहत प्रदेशभर से चुने गए 69 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी हैदराबाद स्थित कान्हा शांति वनम में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे हैं। इस प्रशिक्षण दल में आरआई, डीएसपी, सूबेदार, टीआई, एसआई, एएसआई और कांस्टेबल जैसे विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

टीकमगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले आरक्षक कृष्णकांत द्विवेदी ने प्रशिक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक मंडलोई से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था के जिला हार्टफुलनेस कोडिनेटर नितिन कुमार बबेले एवं प्रशिक्षक जीआर प्रजापति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसपी मंडलोई ने प्रमाण पत्र भेंट करते हुए कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान पुलिस कर्मियों और आमजन, दोनों के जीवन में संतुलन और शांति लाने का माध्यम है। कृष्णकांत द्विवेदी का प्रशिक्षक के रूप में योगदान पुलिस विभाग के साथ-साथ समाज को भी लाभान्वित करेगा। हार्टफुलनेस संस्था निरंतर पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को तनावमुक्त एवं सकारात्मक बनाए रखने के लिए कार्यरत है। चूंकि पुलिस कर्मियों को विपरीत परिस्थितियों में निरंतर दबाव के बीच कार्य करना पड़ता है, ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें मानसिक सशक्तता प्रदान करेगा। पुलिस विभाग के साथ अन्य शासकीय संगठनों एवं स्कूल महाविद्यालय के छात्रों एवं आम जनता हेतु पुलिस विभाग द्वारा तीन परिचयात्मक सत्र आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैं।

### अधिकारियों की मेहनत पर पानी फेर रहे नपाकर्मी!

# 181 पर शिकायत नहीं की बंद, बौखलाए सफाईकर्मी घर के सामने फेंक गए कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में 181 शिकायतों को जबरन बंद कराकर विभागीय रेंकिंग के नंबर बढ़ाने के लिये किस तरह सीएम हेल्पलाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही और स्वच्छता अभियान को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा की जा रही मेहनत पर कर्मचारियों द्वारा किस प्रकार पानी फेरा जा रहा है। इसकी एक और वानगी तब देखने को मिली ज़ब एक शिकायतकर्ता के घर के सामने गाड़ीभर कचरा सिर्फ इसलिए फेंक दिया गया क्योंकि उस शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत को नपाकर्मियों के कहने व दबाब डालने पर बंद नहीं किया गया था। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा इस तरह दिखाई गई दबँगई को देखकर शहरवासी हतप्रद हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के पुरानी टेहरी मोहल्ला निवासी हरिशंकर खरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उनके मोहल्ले की नालियों की नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई नहीं की जा रही है। जबकि उक्त संबंध में शिकायतकर्ता हरिशंकर खरे ने कई बार नगर पालिका में गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब शिकायतकर्ता हरिशंकर ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी। जिसके बाद नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता हरिशंकर पर उक्त शिकायत बंद करने का लगातार दबाब डाला जाने लगा। और ज़ब हरिशंकर ने शिकायत बंद नहीं की तो बौखलाये हुए नपा सफाई कर्मचारियों ने शहरभर से इकट्ठा किया हुआ कचरा शिकायतकर्ता हरिशंकर के घर के सामने फेंक दिया। मोहल्ले बालो ने बताया कि जहाँ कचरा फेंका गया है, बही पर समीप में मंदिर भी स्थित है, जहाँ नवदुर्गा महोत्सव के चलते मातारानी का पंडाल लगाया जा रहा है और मूर्ति स्थापना भी की जा रही है। लेकिन नपा सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा फेंके जाने की बजह से उस जगह पर चारो ओर गंदगी फ़ैल गई है। जिससे स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि आगामी 25 सितंबर को आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने और इसे जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एबं नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा भरसक प्रयास कर शहरवासियो को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर सफाई कर्मचारियों द्वारा उक्त दबँगईपूर्ण हरकत कर वरिष्ठ अधिकारियो के प्रयासों पर पानी फेरा जा रहा है।

# प्रधान आरक्षक के निधन उपरांत पुत्री को सौंपा अनुकंपा नियुक्तिपत्र

**टीकमगढ़**। जिला पुलिस बल में कार्यरत रहे प्रधान आरक्षक सुदामा अहिरवार के आकस्मिक निधन के उपरांत उनकी पुत्री वैशाली अहिरवार को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने वैशाली अहिरवार को महिला आरक्षक के पद का नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग सदैव अपने कर्मियों एवं उनके परिजनों के साथ खड़ा है। अनुकम्पा नियुक्ति केवल दायित्व ही नहीं, बल्कि परिवारजनों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक है। नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीकांत कड़ा, सहायक उपनिरीक्षक गौरव सिंह घोष एवं नियुक्त कर्मचारी के परिजन उपस्थित रहे।



अभियान के 7वें दिन समाजसेवियों, ठेकेदारों, विभागों से की स्वच्छता की बैठक

# कलेक्टर के निर्देश पर नपा सीएमओ का बैठकों व चर्चाओं का दौर जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी 25 सितंबर को आयोजित होने बाले स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम की सफलता और अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से पूर्व से प्रयास शुरु कर दिए गये थे। इन प्रयास दिवसो के 7वें दिन नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा शहर के समाजसेवीयो, ठेकेदारों व बिभागीय अधिकारियो के साथ बैठक की गई। जिसमें स्वच्छता अभियान की सफलता और भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आगामी 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन मे एक साथ कई स्थलों की सफाई की जानी है। जिसको सफल बनाने के लिये कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा लोगों को अभियान में जोड़ने के लिये प्रयास दिवसो के सातवें दिवस नगर पालिका परिषद कार्यालय मे मीटिंग रखी गई। बैठक में नगर के समाजसेवीजन, पुलिस विभाग अधिकारी, ठेकेदार, इंजीनीयर एशोसियेशन, खेल विभाग अधिकारियो से चर्चा की गई। इसके अलावा अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिये शहर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से भी चर्चा कर स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने के लिये 25 सितम्बर को आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने के लिये अपील भी की गई। जिससे जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की सफलता एक मिसाल बन सके। और इसमें शहर के अधिक से अधिक लोगो की भागीदारी हो सके।

### मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा

# छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

महावीर स्कूल की छात्राओं ने मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा सूर्यांशी खरे ने एकल लोकगीत में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सबसे बड़ा सम्मान हासिल किया। वहीं वेदिका प्रजापति को काव्य पाठ में तृतीय पुरस्कार, और नैनशी जैन को भाषण प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही गायत्री अहिरवार और अनुराग बंशकर को भी सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय के महामंत्री मनोज मड़वैया ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों ने अपने प्रतिभा प्रदर्शन से संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र जैन ने भी विजेता बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। निश्चित ही भविष्य में भी वे इसी तरह ऊँचाइयाँ हासिल करेंगे और समाज का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## स्वस्थ महिलाएं होती हैं सशक्त व स्वस्थ परिवार का आधारः विधायक खटीक

**टीकमगढ़**। जिले में जतारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और फ्री दवाएं वितरित की गईं। आयोजन के मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना बनाई है। जिसको लेकर पीएम मोदी ने कहा है कि स्वस्थ महिलाएं ही स्वस्थ परिवार का मजबूत आधार स्तम्भ होती हैं। इसीलिए इस अभियान के तहत रक्तदान और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओ के स्वास्थ्य की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है और साथ ही मुफ्त में दवाईए भी वितरित की जा रही है। विधायक हरिशंकर ने स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि घरों के बाहर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। बल्कि हमे साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की और विदेशी वस्तुओं से बचने को कहा।कार्यक्रम में जतारा एसडीएम संजय दुबे, जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा और जतारा नगर पंचायत सीएमओ पदम जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। विधायक हरिशंकर ने बताया कि आगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### लगातार दूसरे माह में भी ऐतिहासिक उपलब्धि मिलने पर एसपी ने दी बधाईयां

# जनसेवा व संवेदनशील पुलिसिंग से लगातार रैंकिंग में पुलिस नंबर-1

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस बल के लिए यह गर्व और सम्मान का क्षण है क्योंकि लगातार दूसरे माह भी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन व मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने प्रदेश में नंबर वन स्थान हासिल किया है। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी और समयबद्ध निराकरण के मामले में जिला पुलिस ने पूरे मध्यप्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान हासिल किया है। पिछले माह 21 अगस्त को भी जिला पुलिस प्रदेश की रैंकिंग में प्रथम आई थी। यह उपलब्धि न केवल जिले की पुलिस व्यवस्था की दक्षता का प्रतीक है, बल्कि जनता के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता, जवाबदेही और सेवा-भावना का भी प्रमाण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिला पुलिस बल के पुलिसकर्मियों को बधाईयां दी है।

### जारी की गई राज्य स्तरीय रैंकिंग में पुनः अव्वल

दिनांक 20 सितम्बर को राज्य स्तर पर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें जिला पुलिस ने पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे एसपी मंडलोई की सख्त व सटीक निर्देशन व मार्गदर्शन और जिला पुलिस की संवेदनशील कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी और समयबद्ध निराकरण के मामले में जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूरे मध्यप्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। पिछले माह अगस्त में जारी 21 तारीख को जारी की गईं रैंकिंग में भी जिला पुलिस अव्वल रही थी।





### संवेदनशील सेवाभाव से किसी भी चुनौती में हो सकते हैं सफलः एसपी

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं जिला पुलिस बल के प्रत्येक जवान को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारी टीम भावना, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने के सतत प्रयास का परिणाम है। जिला पुलिस ने साबित किया है कि सेवा और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जाए तो किसी भी चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में पुलिस और अधिक पारदर्शिता, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर जिले को प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक मिसाल बनाने का प्रयास करेगी।

### यह उपलब्धि जिला पुलिस बल के मनोबल के लिये महत्वपूर्ण

यह उपलब्धि जिला पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण किसी भी जिले की पुलिस की कार्यकुशलता का वास्तविक पैमाना होता है। लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करना यह सिद्ध करता है कि जिला पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी है, बल्कि जनता की समस्याओं को सुनने और हल करने में भी सबसे आगे है।

### सुविधा केंद्र के बजाए कचरा घर बनकर रह गई 'नेकी की दीवार'

# अब वापस मायूस होकर लौट जाती हैं यहां से उम्मीद भरी निगाहें...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जरुरतमंदों को उनकी पसंद के अनुसार पुराने कपड़े मुहैया कराने की गरज से शुरू की गई 'नेकी की दीवार' योजना अब दिखावा बनकर रह गई हैं। इस योजना के तहत कोतवाली थाना श्योपुर के नीचे कपड़ा बैंक के रूप में बनाए गए स्टॉल पर अब लोग गरीबों व जरूरतमंदों के लायक कपड़े छोड़कर नहीं जाते हैं बल्कि ऐसे अनुपयोगी कपड़े फेंक कर आ रहे हैं जो पहनने लायक ही नहीं होते हैं।

जो आपके पास ज्यादा हैं वह हमें दे जाए और जो आपके पास नहीं हैं वह यहां से ले जाए' इस स्लोगन की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में शुरु किया गया नेकी की दीवार कार्यक्रम कुछ समय तक तो सहीं चला, लेकिन धीरे धीरे शासन प्रशासन के साथ लोगों की रुचि भी इसमें नहीं रही। नेकी की दीवार के नाम पर नगरपालिका द्वारा बनाए गए स्टैंड पर लोगों ने अपने वह कपड़े और जूते इत्यादि रखने शुरु किए जो पहनने हुए तो थे, लेकिन इतने पुराने नहीं थे जिसे दोबारा इस्तेमाल न किया जाए। ऐसे कपड़े-जूते इत्यादि को जरुरतमंदों द्वारा ले जाकर उसका उपयोग किया जाने लगा। दीपावली जैसे त्यौहार पर नेकी की दीवार पर जरूरतमंदों के लिए पहनने लायक अच्छे कपड़े ओर जुट तथा गर्म कपड़े भी रखे गए जिनका उपयोग जरूरतमंद यहां से ले जाकर अपने लिए करने लगे। तब दीपावाली के त्यौहार के समय यह अभियान हिट कार्यक्रम साबित होने लगा था। बड़ी संख्या में गरीब यहां से पुराने कपड़े ले जाकर दीपावली मनाते थे, पर अब नेकी की दीवार पर एक भी कपड़ा ऐसा दिखाई नहीं देगा जो पहनने लायक हो। लोग वहीं कपड़े यहां लाकर डाल रहे हैं जो घर पर कचरा बने हुए हैं।



#### सरकार की अपेक्षा से फैल हुई योजना

नेकी की दीवार का फेल हो जाने के पीछे सरकारी उपेक्षा भी मुख्य कारण है। दरअसल जब इस योजना को लागू किया गया था तब मुख्यमंत्री की यह प्राथमिकता वाली योजना थी तब कलेक्टर और दूसरे अधिकारी भी इस योजना पर विशेष ध्यान रखते थे समय-समय पर इसे जोड़कर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते थे यह योजना विधिवत रूप से चले अव्यवस्थित ना हो इसलिए जिला मुख्यालय पर इसके संचालन की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद श्योपुर को सौंपी गई थी। शुरू में तो नगर पालिका परिषद ने इसे विधिवत संचालित किया लेकिन बाद में भगवान भरोसे छोड़ दिया एक लोहे का स्टॉल जरूर बना दिया है जिसमें लोग अपनी मर्जी से कचरा की तरह कपड़े फेक जाते हैं जहां से पहनने वाले तो इन्हें उठा नहीं पाते अलबत्ता मोटरसाइकिल ट्रैक्टर कर इत्यादि की के मैकेनिक सफाई करने के लिए कपड़े जरूर उठाकर ले जाते हैं लोगों का कहना है कि अगर शासन प्रशासन इस ओर ध्यान दें तो आज भी है योजना जरूरतमंदों के लिए सौगात साबित हो सकती है।

#### त्यौहार पर कपड़ों का कचरा घर बन जाती है नेकी की दीवार

अब लोग नेकी की दीवार पर उपयोगी कपड़े जूते इत्यादि नहीं छोड़ते बल्कि वह ऐसे कपड़े यहां छोड़कर जाते हैं जो पहनने के तो क्या झाड़ू पोछा के काम भी नहीं आते हैं जब भी त्यौहार नजदीक आता है तब नेकी की दीवार कचरा घर बन जाती है। लोग घरों की सफाई करने के साथ-साथ अन्य उपयोगी कपड़े जो फेंकने लायक होते हैं यहां लाकर पटक जाते हैं। कई बार तो यह कपड़े सड़कों पर फेल कर गंदगी फैलाने का काम करते हैं। दीपावली जैसे त्यौहार के नजदीक आते ही सबसे अधिक कपड़ों के ढेर यहां लगने शुरू हो जाते हैं। अनुपयोगी होने के कारण इन कपड़ो को नगर पालिका कई बार कचरा गाड़ी में भरकर टचिंग ग्राउंड में पहुंचने का काम भी करती रही है। कुल मिलाकर नेकी की दीवार अब सिर्फ नाम की योजना रह गई है, इसमें गरीब जरूरतमंद लोगों के उपयोग में आने वाली कोई चीज नहीं बची है।

#### इनका कहना..

नेकी की दीवार स्वैच्छिक कार्यक्रम है यहां पर लोग ऐसे सामान जो उनके पास अधिक है छोड़कर जाते हैं और जिन लोगों के पास नहीं है वह उठाकर ले जाते हैं, यह आपसी सामंजस्य की बात है इसमें नगर पालिका सिर्फ कपड़े और दूसरे समान रखने के लिए दवाब नहीं दे सकती है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### मानपुर थाना क्षेत्र के ददूनी गांव का मामला

# अंडे उधार लेने की बात पर विवाद, चले लातघूसे, कॉस एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र के गांव ददूनी में एक दुकान से अंडे उधार लेने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दुकानदार और खरीदार के बीच न सिर्फ जमकर गाली गलौच हुई, बल्कि लातघूसे भी चल गए। विवाद में दोनों तरफ से दो लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

मानपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ददूनी निवासी राधेश्याम बैरवा की दुकान पर गांव का ही राकेश बैरवा अंडे लेने के लिए पहुंचा। लेकिन अंडे उधार न देने की बात पर इनके बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि दुकानदार के बेटे और राकेश बैरवा के बीच गाली गलौच और लातघूसे चल गए। इस विवाद के दौरान एक तरफ जहां राकेश बैरवा जख्मी हो गया,वहीं दूसरी तरफ राधेश्याम बैरवा का बेटा जख्मी हो गया। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से पूरी तरह बाहर बताई गई। इस मामले में पुलिस ने राकेश बैरवा की रिपोर्ट पर अशोक और गोलू बैरवा के खिलाफ तथा गोलू पुत्र राधेश्याम बैरवा की रिपोर्ट पर राकेश बैरवा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### दरबार सजकर हुए तैयार, शारदीय नवरात्रि पर्व आज से

# जगह-जगह सजेंगे मातारानी के दरबार, शक्ति की भक्ति में डूबेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को श्राद्ध पक्ष का समापन हो गया है और सोमवार से शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू हो जाएगा। साल में आने वाले चार नवरात्रियों में इस नवरात्रा पर्व को सबसे खास माना जाता है। इस बार मातारानी गज की सवारी करते हुए पृथ्वी पर आएंगी। मंदिरों व नवरात्रि समितियों ने पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शहर सहित जिलेभर में कई जगह मातारानी के दरबार सजेंगे, जहां सोमवार को चल समारोह के साथ मातारानी विराजित होगी।

नवरात्रा पूजन का आरंभ और कलश स्थापना के लिए दिन भर का समय शुद्ध और प्रशस्त है। इस दौरान शहर सहित जिलेभर के मां दुर्गा की पूजा-अर्चना होगी। दिनभर मंदिरों में वेदमंत्र गूंजेंगे तो शाम को विभिन्न प्रकार की झांकिया सजाई जाएगी। इसके अलावा शहर में गांधी पार्क, छारबाग, एलआईसी ऑफिस के सामने, बाल मंदिर स्कूल के पास, फक्कड़ चौराहा, जयश्री पैलेसे के पीछे, चम्बल कॉलोनी, भोई मोहल्ला, स्टेट बैंक के पीछे, आनंद नगर सहित दर्जनभर स्थानों पर मातारानी के दरबार सजाए जाएंगे। जहां पंडाल तैयार किए जाने के साथही अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को गाजे-बाजे साथ देवी प्रतिमाओं को चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद विधी विधान से देवी प्रतिमाओं को विराजित किया जाएगा। मातारानी के दरबारों में रात्रि जागरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष बात यह है कि इस बार नवरात्रि नौ दिन की ही नहीं,बल्कि 10 दिन की होगी। इसलिस इस बार की नवरात्रि काफी शुभ मानी गई है।




#### देवी मंदिरों पर दर्शनों के लिए उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

शारदीय नवरात्रा पर्व शहर सहित अंचल भर में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान मातारानी के दरबारों में दर्शनों के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी वहीं दुर्गापुरी स्थित माता मंदिर व कराहल के पनवाड़ा में मां अन्नपूर्णा, पानड़ी के बिजासन माता मंदिर पर मेले लगेंगे। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे।

# श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितरों को जलांजलि देने जलाशयों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दो सप्ताह पहले रविवार से शुरू हुआ श्रद्धापक्ष इस रविवार को पूरा हो गया। श्रद्धापक्ष के अंतिम दिन जलाशयों पर अपने पितरों को जलांजलि देने की भीड़ ऐसी उमड़ी कि व्यवस्था बनाने में भी समय अधिक लग गया। इन दिनों नदियों में पानी का बहाव अधिक होने से भी आयोजकों को जलांजलि देने वालों की सुरक्षा के लिए भी मेहनत करनी पड़ी।

श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही नदी, तालाबों आदि स्थानों पर पहुंचे लोग अपने पूर्वजों को जो जल चढ़ाने का काम भी शुरू हुआ था वो रविवार को अंतिम बार जलांजलि देने के साथ बंद हो गया। इस क्रम में कदवाल नदी स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंच रहे लोगों को मंत्रोच्चार के साथ तर्पण कराने का काम आचार्य बृज किशोर दीक्षित ने किया। श्राद्धपक्ष के 15 दिनों तक जलाशयों पर लोग अपने पूर्वजों को जलांजलि देने पहुंच रहे थे जो सिलसिला अब रुक गया है।



#### इसलिए श्राद्धपक्ष के अंतिम दिन पड़ती है भीड़

हिन्दू धर्म की तिथि अनुसार यदि आपको अपने पूर्वज जी मृत्यु की तिथि याद नहीं है तो आप पितृ पक्ष के अंतिम दिन यानि अमावस्या के दिन उनका श्राद्ध कर सकते है। इस अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या भी कहा जाता है। इसलिए जिन्हें अपने पूर्वजों की मृत्यु की तिथि ठीक से याद नहीं थी वह भी रविवार को श्राद्धपक्ष के अंतिम दिन पितृ तर्पण करने पहुंचे।

### सीप नदी तट पर हुआ सामूहिक तर्पण, श्रद्धालुओं ने पितरों को दी जलांजलि



**श्योपुर।** प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास सीप नदी तट पर रविवार को श्री भागवत सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री देव पितृ कार्य अमावस्या पर सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पं राधारमण शास्त्री और पं चंद्रप्रकाश शास्त्री ने विधि विधान पूर्वक तर्पण कार्यक्रम सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी समाजों के आधा सैकडा के करीब श्रद्धालुओ ने अपने पितृदेवों को जलांजलि अर्पित की। ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध अमावस्या पर विधि पूर्वक तर्पण करने से पितृ देवो की आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है,साथही उनका आर्शीवाद घर परिवार की सुख समृद्धि बनाए रखता है।

# आई लव मोहम्मद विषय पर सीरतुन्नबी जलसा आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जामा मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा पर मकतब (प्राथमिक पाठशाला) के बच्चों द्वारा आई लव मोहम्मद विषय पर सीरतुन्नबी जलसा आयोजित किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने नातिया कलाम पेश कर नबी की शान में अपनी वफादारी एक एक जुटता जाहिर की।

जमीयत उलमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष हाफिज आदिल मोहम्मद कुरैशी ने बताया कि जमीयत के सहयोग से आयोजित हुए इस जलसे में मकतब के बच्चों ने ही भागीदारी की, कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने क्या सीखा इसका आंकलन भी करना था। उन्होंने बताया कि मकतब नर्सरी कक्षा से शुरू होने वाली ऐसी पाठशाला है जिसमें दीनी तालीम (धार्मिक शिक्षा) के साथ-साथ बच्चों को सामाजिक ज्ञान कराया जाता है। बड़ों की इज्जत कैसे की जाती है और छोटों को प्यार देना क्यों जरूरी है, महिलाओं लड़कियों को सम्मान क्यों देना जरूरी है बताया जाता है। समाज अच्छा और सभ्य बने इसी की चिंता मकतब के माध्यम से की जा रही है। रविवार को मकतब के बच्चों ने नबी की शान में सीरतुन्नबी जलसा आयोजित किया जिसमें आधा सैकड़ा के करीब बच्चों में प्रस्तुति दी जिन्हें शिक्षाविद लियाकत उल्लाह कुरैशी, वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी आदि के हाथों पुरस्कार भी वितरण करवाए गए।

# सेवा पखवाड़ा के तहत छात्राओं ने स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



गर्ल्स कॉलेज श्योपुर की रासेयो इकाई ने रविवार को छुट्टी के दिन भी कॉलेज पहुंचकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। यह श्रमदान चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत किया गया।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ एस डी राठौर के मार्गदर्शन में रविवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के परिपेक्ष्य में पांचवें दिन अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालिका छात्रावास में कॉलेज स्टाफ, छात्राओं एवं छात्रावासों में रह रही बालिकाओं द्वारा श्रमदान किया गया। इस दौरान कॉलेज और छात्रावास की छात्राओं ने एक दूसरे से पढ़ाई के टिप्स भी शेयर किए। इस दौरान छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से सामाजिक व पर्यावरण जागरूकता रैली बालिका छात्रावास से लेकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक निकाली। कार्यक्रम में बालिका छात्रावास की अधीक्षिका व छात्राओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कॉलेज से डॉ सरलेश मौर्य, एनएसएस प्रभारी व संयोजक वेदांकी खंडेलवाल, खेमराज आर्य, एनएसएस जिला संगठक डॉ वकील कौशल, रवि यादव सहित छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा द्वारा किया गया।

### शहर में निकला संघ का कौमुदी पथ संचलन, विजयीदशमी पर भी शहर में निकलेंगे संचलन

# पंच प्रण के जरिए होगा सामाजिक परिवर्तन स्वयंसेवक बढ़ाएं अपनी सक्र्रियता:सेठिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मनाएगा। वर्षभर चलने वाले शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम के दौरान पंच प्रण को लेकर विशेष काम किया जाएगा और पंच प्रण के जरिए ही सामाजिक परिवर्तन आएगा, इसलिए सभी स्वयंसेवक इस दिशा में काम करने की अपनी सक्रियता को और बढ़ाए। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने रविवार की शाम को शहर के मेला मैदान में कौमुदी पथ संचलन के पहले आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। इस बौद्धिक कार्यक्रम के बाद शहर में कौमुदी पथ संचलन निकाला गया। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। जिसमें संघ के स्वयंसेवक बडी संख्या में शामिल होकर घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते हुए निकले।

मेला मैदान में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के प्रांत कार्यवाहल हेमंत सेठिया ने कहा कि स्वयंसेवकों को सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को केंद्रित रखना है। इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस संघ का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शाखा स्तर पर टोलियां बनाकर पंच संकल्पों के आधार पर स्वयं सेवकों को सामाजिक परिवर्तन के लिए लहर पैदा करने का वातावरण बनाना चाहिए।

#### शहर में निकलेंगे बस्ती वार संचलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक विजयादशमी उत्सव पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम और पथ संचलन का आयोजन करता है। संकल्प संघ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार विजयादशमी पर्व पर शहर में बस्ती बार अलग अलग पथ संचलन निकाले जाएंगे। जिनकी तैयारिया का अभ्यास कौमुदी पथ संचलन के दौरान किया गया। बताया गया है कि शहर श्योपुर को संघ की रचना के अनुसार 9 बस्तियों में विभाजित किया गया है। जिनमें बाल्मिक बस्ती, महावीर बस्ती, हनुमान बस्ती, गुरू गोविंद सिंह बस्ती,विवेकानंद बस्ती, अंबेडकर बस्ती, कबीर बस्ती, गणेश बस्ती और संत रविदास बस्ती शामिल है। 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच इन सभी बस्तियों में पथ संचलन निकाले जाएंगे। जो अलग अलग तारीखों में निकाले जाएंगे।

#### शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा पथ संचलन

विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में शहर में बस्ती बार पथ संचलन निकाले जाएंगे। इन पथ संचलनों की तैयारियों के क्रम में रविवार की देर शाम को शहर के मेला मैदान से संघ का कौमुद पथ संचलन निकाला गया। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद निकाले गए इस पथ संचलन में शामिल शहरभर के स्वयंसेवक संघ की गणवेश में घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते और देश भक्ति का भाव जगाते हुए निकले। मेला मैदान से आरंभ हुआ यह पथ संचलन पुराना बस स्टैंड, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, गणेश बाजार, मुख्य बाजार, गांधी पार्क और श्री रामतलाई हनुमान मंदिर क्षेत्र होता हुआ वापस मेला मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

# श्रीराम ने तोड़ा धनुष तो कुपित हुए परशुराम

#### लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने रामलीला मंचन को बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में चल रही रामलीला में शनिवार की रात सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। इस लीला के जीवंत दृश्य ने दर्शकों को ऐसा महसूस कराया मानो वे सचमुच त्रेता युग में पहुंच गए हों। रामलीला देखने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

रामलीला का मंचन गणेश आरती के साथ शुरू हुआ। शुरुआत सीता स्वयंवर की तैयारियों से हुई। राजा जनक ने मंच पर आए राजाओं और बलशाली योद्धाओं को शिव धनुष उठाने का अवसर दिया। एक-एक कर सभी प्रयास करते रहे, लेकिन कोई उसे हिला तक न सका। यहां तक कि रावण भी असफल रहा। तभी श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से सहजता से धनुष उठाकर भंग कर दिया। क्षणभर में रामलीला मैदान जय श्रीराम के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, शहनाई बजी और मंच पर राम-सीता विवाह का अलौकिक दृश्य सजीव हो उठा।

इसके बाद परशुराम का मंच प्रवेश हुआ। वे क्रोध में तपते हुए बोले "किसने मेरे आराध्य भगवान शिव का धनुष तोड़ा, उसे तुरंत मेरे सामने लाओ।" तभी लक्ष्मण ने अपनी तेजस्वी वाणी में उत्तर दिया और दोनों के बीच तीखा संवाद हुआ। पूरा मैदान इस नाटकीय दृश्य से रोमांचित हो उठा। जब क्रोध और बढ़ा तो श्रीराम आगे आए और अत्यंत विनम्रता से परशुराम को समझाया कि धनुष उन्होंने गुरु की आज्ञा से उठाया है, उनका उद्देश्य किसी का अपमान नहीं था।

श्रीराम की शालीनता और मर्यादा से प्रभावित होकर परशुराम शांत हुए और राम को पहचानकर प्रणाम करते हुए हिमालय तप के लिए प्रस्थान कर गए। दर्शकों ने देर रात तक चले इस मंचन में हर पात्र का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और तालियों व जयघोषों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## खिलमासा पुलिस ने अवैध मदिरा माफिया पर की कार्रवाई

# पुलिस ने 5 हजार लीटर लहान की नष्ट तीन आरोपियों से महुआ शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा पुलिस ने ग्राम बसाहरी टांडा में कच्ची शराब के साथ 3 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं कच्ची शराब बनाने की सामग्री ( लहान) को नष्ट किया है। जानकारी अनुसार खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल के मार्गदर्शन में खिमलासा पुलिस ने बसाहरी टांडा में दबिश देकर देला बाई पति वीरा बंजारा से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब, परिया बाई पति मोहन बंजारा से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं मोहन से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब यानि 3 आरोपियों से कुल 19 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जमीन में दबा कर रखे थे लहान

मुखबिर की सूचना पर पुलिस बंजारा बस्ती पहुंची और वहां जमीन में बड़े-बड़े डिब्बों में भर कर दबा कर रखी गई करीब 5 हजार लीटर लहान ( कच्ची महुआ शराब बनाने की सामग्री) को पुलिस के द्वारा नष्ट किया गया। इस मौके पर खिमलासा थाना से मुंशी लक्ष्मण प्रसाद, आरक्षक गौरव मीणा, आरक्षक चंद्रशेखर, आरक्षक जाबेद एवं आरक्षक सचिन कार्रवाई में शामिल रहे।





### पोहरी वन परिक्षेत्र में अवैध वृक्ष कटाई एवं आखेट की तैयारी करते दो आरोपी गिरफ्तार



**शिवपुरी।** मुख्य वन संरक्षक शिवपुरी वन वृत्त आदर्श श्रीवास्तव एवं वनमंडलाधिकारी शिवपुरी सुधांशु यादव के निर्देशन में तथा उप वनमंडलाधिकारी शिवपुरी आदित्य शांडिल्य एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रुति राठौर के मार्गदर्शन में गतदिवस वन परिक्षेत्र पोहरी की बीट इन्दुर्खी में गश्ती के दौरान वन अमले को कुल्हाड़ी की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचने पर दो व्यक्तियों को सागौन वृक्ष काटते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हरिसिंह पुत्र बाबू आदिवासी एवं रामचरण पुत्र श्याम आदिवासी, निवासी ग्राम तेलनी, थाना शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला बारां (राजस्थान) हैं। पूछताछ एवं स्थल निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आरोपियों द्वारा राजस्थान से लगे वनक्षेत्र पी.एफ. 839 एवं पी.एफ. 840 की सीमा पर नाले के किनारे आखेट हेतु मचान बनाया गया था। आरोपियों के कब्जे से दो धारदार कुल्हाड़ियाँ एवं एक गुलेल बरामद की गई। जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने कुल 14 सागौन वृक्ष काटे हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा 21 सितम्बर को न्यायालय जेएफएमसी पोहरी में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर सब-जेल पोहरी भेजा गया। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक नवल किशोर शर्मा एवं बीटगार्ड इन्दुर्खी दिनेश शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

## समाजसेवियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# नवरात्री पर गली मोहल्लों में बिकने वाली अवैध शराब बंद करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गली मोहल्लों में गैर कानूनी रूप से बिकने वाली अवैध शराब को नवरात्रि के पावन दिनों में बंद कराने की मांग को लेकर समाजसेवियों ने थाना प्रभारी अनूप यादव को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही प्रतिलिपि विधायक, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी एवं आबकारी विभाग को दी है।

समाज सेवियों का कहना है कि मनचलों द्वारा शराब पीकर खाली बोतलें जगह-जगह फेंक दी जाती हैं, बड़ी संख्या बेटियां एवं महिला श्रद्वालु जल चढ़ाने जाते समय बिना चप्पल के जाते है जिससे उनके पैरों में टूटी प्लास्टिक एवं कांच आदि की बोतलों के टुकड़े लग जाते हैं। साथ ही सभी का जागरण इन दिनों बहुत जल्दी होता है, परन्तु मोहल्लों में रात को शराब बिक्री और सेवन के कारण जो माहौल प्रदूषित होता है उस से रात्री जागरण के पश्चात प्रातः भोर में उठने में समस्या होती है। नौदुर्गा पंडालों में देर रात्री में शराबी घुस जाते हैं व वहां का माहौल खराब करते हैं, झांकी दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को मनचले नशेड़ियों से समस्या होती है। वर्ष भर जैसे भी निकाल लिया जाता है परन्तु नौ दिन माता के प्रति श्रद्धा और समर्पण के दिवस में नगर एवं ग्राम का पर्यावरण ठीक रहे इस उद्देश्य से ही आपसे अनुनय किया जा रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी से कम से कम देवी मंदिरों की 250 मीटर की परिधि में अवैधानिक शराब, मांस, अंडा आदि के विक्रय पर नौ दिनों तक पूर्णतः: प्रतिबन्ध लगे और कानून व्यवस्था बनाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज सेवी सत्यजीत सिंह, समन्वय मंडपम समिति सेक्टर आगासौद धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, तरूण संस्कार ग्राम विकास समिति बीना नगर सेक्टर अभिषेक राय, अंजनि रत्न सेवा समिति कंजिया सेक्टर देवेंद्र राय एवं ग्राम ढ़ाड विकास समिति जगदीश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज थीम पर संडे ऑन साइकिल अभियान में साइकिल रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



फिट इंडिया मिशन अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से रविवार को शिवपुरी में संडे ऑन साइकिल अभियान अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

साइकिल रैली पोलो ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर कस्टम गेट, बाल शिक्षा निकेतन स्कूल, कमलागंज, माधव चौक, गुरुद्वारा चौक एवं राजेश्वरी रोड होते हुए पुनः पोलो ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, जिले के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अभियान की थीम फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज रही, जिसके माध्यम से नागरिकों को प्रतिदिन शारीरिक गतिविधि को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

इस दौरान आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही, जिनमें डॉक्टर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, राष्ट्रीय कैडेट कोर, माई भारत स्वयं सेवक एवं अन्य हितधारक शामिल हुए।

# गढोईया में जन समस्या निवारण शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रविवार को शिवपुरी ज़िले की जनपद पंचायत पिछोर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढोईया के चरखा मोहल्ला में विशेष जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पिछोर एसडीएम ममता शाक्य और जनपद सीईओ नरेंद्र सिंह नरवरिया एवं तहसीलदार शिवशंकर गुर्जर मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, सड़क और आवास के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। वहीं जिन मामलों का तुरंत निपटारा संभव नहीं था, उनके लिए विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि तय समयसीमा में निपटारा सुनिश्चित किया जाए। यह शिविर मध्य प्रदेश सरकार की उस पहल का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनते और हल करने का प्रयास करते हैं। गढोईया में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, जन मन आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें उठीं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुँचेगा।

**गोशाला का निरीक्षण और जन मन चौपालः** शिविर के पश्चात अधिकारियों ने ग्राम की गौशाला का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा, ग्रामीण हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जन मन आवास चौपाल का भी आयोजन किया गया, जिसमें पात्र लोगों के चयन और प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी गई।

### जन मन चौपाल का भी हुआ आयोजन



# गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान में किया श्रमदान श्रम करने से मन रहता है प्रसन्न और शरीर स्वस्थ : नवीन नामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से श्रमदान का कार्य किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि श्रम करना अर्थात आलस्य रहित जीवन जीना और आलस्य त्याग कर जीवन जीना अर्थात स्वस्थ रहना। यदि हम परिश्रम करेंगे तो सकारात्मक ऊर्जा से ऊर्जावान बने रहेंगे और अपने परिवार, समाज एवं देश के प्रति एक अच्छे नागरिक का नैतिक दायित्व निभाने में अपना योगदान देते रहेंगे। डॉक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि श्रमदान से शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से मानव स्वस्थ रहकर समाज के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। नवीन नामदेव ने कहा कि श्रमदान करने से मन प्रसन्न एवं शरीर स्वस्थ रहता है। पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान भी होता है। नीता नामदेव ने कहा कि श्रमदान करने से चंहु ओर साफ सफाई का वातावरण निर्मित होता है और जो खरपतवार और अनावश्यक पौधे लग जाते हैं वह निकाल कर जैविक खेती एवं पशुओं के लिए उपयोगी होते हैं। आरती ठाकुर कहा ने श्रम वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन में मनुष्य का शारीरिक और मानसिक प्रयास है। श्रमदान करने से समाज व समुदाय के विकास में सहयोग प्राप्त होता है। इसमें जितेंद्र, विनोद, आनंद, निलेश कद्दू, तुलाराम आदि उपस्थित रहे।

# भक्त की भक्ति रूपी साधना ही भगवान को प्रतिष्ठित करती हैः भक्तमाली कुंज बिहारी दास

**बीना।** भक्त की भक्ति रूपी साधना ही भगवान को प्रतिष्ठित करती है। चारों युगों के भक्तों की श्रृंखला माला ही भक्तमाल है।उक्त उद्रगार पाठक वार्ड स्थित मुरली निवास पर आयोजित भक्तमाल कथा की अंतिम दिवस भक्त माली कुंज बिहारी दास ने कही। उन्होंने बताया कि श्री भक्तमाल ग्रंथ के रचयिता श्री नाभादास जी महाराज है। भक्तमाल कथा में भगवान के प्रति भक्तों का समर्पण और उनकी दिव्य भक्ति का दर्शन हैं। इस ग्रन्थ की यह विशेषता है कि इसमें सभी संप्रदयाचार्यों एवं सभी सम्प्रदायों के संतो का समान भाव से श्रद्धापूर्वक संस्मरण किया गया है। इसमें चारों युगों के भक्तों का वर्णन हैं।

नारद जी, शिव जी, सनकादि, कपिल, भीष्म, राजा बलि, शुक्र देव, मनु, ध्रुव, प्रहलाद, द्वादश प्रधान भक्त सूर, कबीर, तुलसी, मीरा, ताजदेवी आदि अनेकों भक्तों की माला ही भक्तमाल है। भगवान की कथा भक्त सुनते हैं, तो भक्तों की कथा स्वयं भगवान सुनते हैं। उन्होंने आगे बताया कि भगवान अपने से अधिक भक्तों को आदर देते हैं। भगवान अपने भक्तों तथा संतो के हैं।

श्रीमद्भागवत महापुराण में अहं भक्त पराधीनः कहकर भगवान ने स्वयं भक्तों के आधीन होने की बात स्वीकारी है तथा गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है- मोते संत अधिक कर लेखा। भगवान स्वयं कह रहे हैं कि मुझसे भी अधिक मेरे संतों की महिमा हैं। ज्ञान, कर्म व भक्ति एवं इनके विभिन्न रसों में भीगे हुए भक्तों ने किस प्रकार इस भवसागर को सहजता से पार किया तथा भगवान को अपने प्रेम पाश में बांध लिया, इसको समझने का साधन है श्रीभक्तमाल। इनके श्रवण करने से साधक के जीवन में साधना का बल प्रबल हो जाता है।

# नवरात्रि पर्व पर समितियां पेश करेंगी मां की झांकियों में अनोखा स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नवरात्रि महापर्व की शुरूआत सोमवार से होने जा रही है। शक्ति और सम्पन्नता की देवी का यह पर्व अशोकनगर में भक्ति भाव से मनाया जाएगा और नौ दिनों तक देवी मां के नौ स्वरूपों की आराधना की जाएगी। अशोकनगर शहर में देवी मां की अनगिनत झांकिया सजाई जा रही हैं। यहां की चर्चित झांकियों में जिंद बाबा समिति की झांकी इस बार भी आर्कषण का केन्द्र होगी।

पिछले 37 वर्षों से आयोजित हो रही इस झांकी को इस बार कोलकाता की तर्ज पर देखा जाएगा। जिसमें मां के दरबार की झलक कोलकाता की देवी मां के रूप में दिखाई पड़ेगी। पिछले एक माह से इस झांकी की तैयारी की जा रही है। पेन्टर कमलेश गुप्ता जहां तैयारियों में अपनी मेहनत करने में लगे हैं। वहीं अशोकनगर के मूर्ति कलाकार दसरथ सोनी प्रतिदिन गुना जाकर माता की प्रतिमा को नया आकार देने में लगे हैं। इस झांकी के संयोजक महेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि इस बार भी माता को 40 लाख के आभूषण पहनाए जाएगें जो गुजरात से निर्मित होकर आ रहे हैं। जिसमें 10 लाख रूपए के चांदी के जेवर और 30 लाख रूपए के सोने के जेवर होगें। नवरात्रि पर्व के बाद इन जेवरों की नीलामी की जाएगी।

शहर में नवरात्रि पर्व पर जागरण की आयोजन होगें, भजन संध्या, गरबा के साथ घर-घर में माता की आरती की जाएगी। शहर में जो झांकिया सजती हैं उनमें कईं झांकियां तो अशोकनगर की पहचान बन गई हैं। जिनमें शक्ति भजन मण्डल, नवचेतना मंच, सेन चैराहा, आदि स्थानों की झांकियां इस बार भी नए स्वरूप में नजर आएंगी।

जिले भर के शक्ति पीठ स्थलों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहले दिन से ही पहुंचना प्रारंभ होगें। यह नवरात्रि का पर्व जहां माता की आराधना का पर्व होता है वहीं नौ दिनों में मांगलिक कार्यों की शुरूआत भी करते हैं और व्यापार के क्षेत्र में भी 9 दिन नई आशा और उत्साह को लेकर आते हैं। इन दिनों में कोई वाहन खरीदता है तो कोई आभूषण खरीदता है। नवरात्रि का इंतजार किया जाता है।

## अभा पाठशाला का दीप प्रज्जवलन से शुभारंभ, देशभर से पहुंचे पाठशाला संचालक प्रमुख

# दुनिया में वस्तु व्यवस्था एक ऐसा स्वरूप लिए बैठी है, जहां हर वस्तु अपने आप में नियत हैः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में अखिल भारतीय पाठशाला के वार्षिक सम्मेलन में आए देशभर से आए पाठशाला संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में वस्तु व्यवस्था एक ऐसा स्वरूप लिए बैठी है जहां हर वस्तु अपने आप में नियत है। भाग्य से बढ़कर और समय से पहले किसी को कुछ नहीं मिलता। ज्ञात हो कि मुनि श्री सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से पूरे देशभर में पाठशालाओं का संचालन किया जा रहा है। इन पाठशालाओं का एक राष्ट्रीय आयोजन हर वर्ष मुनि श्री के सानिध्य में होता है। इस बार अशोकनगर को यह आयोजन करने का मौका मिला है।

इस आयोजन में मुनि श्री ने कहा कि जिनके ऐसे विचार तुम्हारे जिंदगी का सबसे अशुभ विचार है तुम्हारी जिंदगी का सारा पुण्य भस्म हो जाएगा। कुछ सत्य ऐसे होते हैं जिन्हें लोक में अपवाद माना जाता है। सत्य भी अशुभ होता है असत्य को बताना जरूरी नहीं है। सत्य को वताने से पहले उसको जानना जरूरी है। जब कोई काम आप ने पूरी ताकत लगाकर करने के बाद भी सफलता न मिले तब सन्तोष के लिए भाग्य की बात कही गई है। तुम अपने काम आप करना भगवान के भरोसे रहकर कोई काम मत करना। भगवान का नाम लेकर काम करना, भगवान ने तो कोई काम किया नहीं और हम उनसे काम कराना चाह रहे हैं।

### सांप अंदर जहर होने में हमें कोई ऐतराज नहीं है वह ज़हर सांप को जिंदा रखता है

उन्होंने कहा कि सांप के अंदर जहर होने में हमें कोई ऐतराज नहीं है वह ज़हर सांप को जिंदा रखता है संकटों से बचाता है लेकिन यदि जब वह जहरीला सांप किसी को काट न ले तब खतरा है। हम अज्ञानी है संसार में इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है एक अंधा व्यक्ति लालटेन लेकर सड़क पर चल रहा है किसी व्यक्ति ने पूछा आपको जब दिखता ही नहीं है फिर ये लालटेन किस लिए लेकर चल रहे हो। तब अंधा व्यक्ति कहता है कि ये लालटेन मैं अपने लिए नहीं बल्कि सामने से आ रहे आंखो वाला व्यक्ति न टकरा जाये इसलिए लालटेन लेकर चल रहा हूं। आप लोगों को पाठशाला रुपी लालटेन इसलिए दे रहे हैं कि कोई आप से न टकरा जाये।

### अशोकनगर में आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि रविवार का दिन अशोकनगर वासियों को बहुत विशेष दिवस होगा। जब शहर की सड़कों पर देशभर से आए हमारे मेहमान अपने द्वारा तैयार किए गये संस्कृतिक कार्यक्रम की एक झलक चलते हुए प्रस्तुत करेंगे। रविवार को पांच हजार से अधिक लोगों के साथ एक सन्देश होगा खुद जियो और दूसरो को जीने दो। इस दौरान प्रदीप शास्त्री ने कहा कि पाठ शालाओ की बहनों ने बहुत सुंदर काम किया है अब पाठशालाओं के मैनेज मैंट को अपनी कुशलता से संस्कारो के इस महा कुंभ को आगे बढ़ाना है। इससे पहले सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देने वाली इन पाठशालाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत मंगल कलश स्थापना, दीप प्रज्जवलन प चित्र अनावरण के साथ की गई। कलश स्थापना का सौभाग्य पुण्यार्जक परिवार पवन जैन पत्रकार के साथ ही जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, उपाध्यक्ष अजित बरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र अमन मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय केटी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो को मिला।